# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2026

## अतारांकित प्रश्न
## 16 मार्च, 2026

----

**कुल प्रश्न - 19**

----

**बाई-पास का निर्माण करना**

120 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या बावल बाई-पास, जिसकी कुल लंबाई 17.4 किलोमीटर है, का निर्माण कार्य शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उक्त बाई-पास के लिए प्रशासनिक स्वीकृति किस तिथि को प्रदान की गई थी; तथा

(ग) उपरोक्त बाई-पास के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

**सड़क को निर्मित तथा चौडा करना**

121 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि :—

(क) क्या बावल शहर से जिला रेवाड़ी के खंड खोल के गांव माजरा में निर्माणाधीन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) तक नई सड़क को निर्मित तथा चौडा करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**नगरपालिका की सीमाओं का विस्तार करना**

122 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या वर्तमान नीति के अनुसार बावल नगरपालिका की सीमाओं का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है?

----

**सब-यार्ड को प्रिसिपल यार्ड के रूप में अपग्रेड करना**

123 **डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या मार्केट कमेटी, रेवाड़ी के अंतर्गत सब-यार्ड को प्रिंसिपल यार्ड के रूप में अपग्रेड करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसको कब तक अपग्रेड किए जाने की संभावना है?

----

**गुरुग्राम मेट्रो विस्तार परियोजना की वर्तमान स्थिति**

124 **श्री आदित्य सुरजेवाला (कैथल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) गुरुग्राम मेट्रो विस्तार परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है, जिसके वर्ष 2022 में शुरू तथा वर्ष 2024 के अंत तक पूरा करने की घोषणा की गई थी;

(ख) बार-बार जन आश्वासन दिए जाने के बावजूद उक्त परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में शुरू तथा पूरा न किए जाने के कारण क्या हैं; तथा

(ग) क्या सरकार द्वारा अब तक धरातल पर कोई कार्य किया गया है तथा इस पर अब तक कुल खर्च की गई राशि कितनी है तथा उक्त परियोजना को पूरा करने की संशोधित समय-सीमा क्या है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच.के.आर.एन.) के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या

125 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) राज्य में वर्तमान में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच.के.आर.एन.) के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ख) उपरोक्त कर्मचारियों में से कितने कर्मचारियों के पास 5 वर्ष तक का कार्य अनुभव है?

----

## जलभराव की समस्या का समाधान करना

126 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) क्या यह तथ्य है कि बरसात के मौसम में यमुनानगर शहर की कुछ कॉलोनियों में प्रतिवर्ष जलभराव हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप इन कॉलोनियों के घरों में पानी घुस जाता है;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त कॉलोनियों में जलभराव वाले स्थान तथा बिन्दु क्या हैं, जहां गत तीन वर्षो से जल भराव हो रहा है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; तथा

(घ) उपरोक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जाने की संभावना है?

----

## दूषित जल को छोड़े जाने से रोकना

127 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः–

(क) जिला यमुनानगर में किन स्थानों एवं क्षेत्रों से गंदा तथा सीवरेज का पानी पश्चिमी यमुना नहर (WJC) में छोड़ा जा रहा है; तथा

(ख) उपरोक्त दूषित जल को पश्चिमी यमुना नहर में छोड़े जाने से रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं या उठाए जाने की संभावना है?

----

**दूषित जल का उपचार करना**

128 **श्री घनश्याम दास ( यमुनानगर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) यमुनानगर-जगाधरी नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज तथा निकासी जल कितनी मात्रा में उत्पन्न हो रहा है;

(ख) क्या उपरोक्त दूषित जल के निस्तारण के लिए यमुनानगर में वर्त्तमान में संचालित आई.पी.एस. तथा एस.टी.पी. पर्याप्त हैं;

(ग) क्या यह तथ्य है कि सीवरेज तथा निकासी जल बिना उपचार के पश्चिमी यमुना नहर में छोड़ा जा रहा है; तथा

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा उक्त दूषित जल का उपचार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन का निर्माण**

129 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि औरंगाबाद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी) वर्ष 2006 से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी) के भवन में चल रहा है; तथा

(ख) क्या उपरोक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

----

**अग्रसेन पार्क का निर्माण करना**

130 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि सदन में पिछले सत्र में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री द्वारा होडल शहर में भूमि खरीदकर अग्रसेन पार्क का निर्माण करने का आश्वासन दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है; तथा

(ग) उपरोक्त पार्क का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**पहुँच सड़क (अपरोच रोड़) का निर्माण करना**

131 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या यह तथ्य है कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा यमुना नदी पर निर्माणाधीन पुल से हसनपुर माहौली सड़क तक पहुँच सड़क (अपरोच रोड़) बनाने की घोषणा की गई है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त सड़क के निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है; तथा

(ग) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**विकास कार्यों का निष्पादन करना**

132 **श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:—

(क) क्या होडल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निम्नलिखित विकास कार्यों का निष्पादन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है:—

(i) बेधा पट्टी (होडल शहर) से हथना तक उजीना डायवर्जन ड्रेन पर कि.मी. 9.157 पर

वी.आर. पुल को बदलना;

(ii) होडल शहर से उमराला तक उजीना डायवर्जन ड्रेन पर कि.मी. 11.00 पर वी.आर. पुल का निर्माण;

(iii) गांव गढ़ी पट्टी से गांव ऐंच तक उजीना डायवर्जन ड्रेन की गाद निकालना; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त विकास कार्यों का निष्पादन कब तक किए जाने की संभावना है?

----

**हरित पट्टी का निर्माण कार्य को पूरा करना**

133 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.वी.पी) द्वारा करनाल में देवी लाल चौक पर मेरठ रोड़ से काली माता मंदिर तक हरित पट्टी के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उक्त हरित पट्टी का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

**चिकित्सा महाविद्यायल में विभिन्न पदों की स्वीकृति**

134 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) क्या यह तथ्य है कि कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए सरकार द्वारा विभिन्न श्रेणियों के 1,527 पद स्वीकृत किए जाने प्रस्तावित है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त पदों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है?

----

**हरियाणा संविदात्मक कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चतता) अधिनियम के अंतर्गत विभागों का ब्यौरा**

135 **श्री जगमोहन आनन्द (करनाल):**

क्या युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:–

(क) राज्य के विभागों, बोर्डों एवं निगमों का ब्यौरा क्या है जिनको हरियाणा संविदात्मक

कर्मचारी (सेवा की सुनिश्चतता) अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अंतर्गत लाया गया है;

(ख) विभागों, बोर्डों एवं निगमों का ब्यौरा क्या है जिनको अब तक उपरोक्त अधिनियम के अंतर्गत नहीं लाया गया है; तथा

(ग) उन शेष विभागों, बोर्डों एवं निगमों को उपरोक्त अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत लाने के संबंध में सरकार की भविष्य की योजना/प्रस्ताव क्या है?

----

**राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रतिबंधित निर्माण गतिविधियों का ब्यौरा**

136 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली)**ः

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) क्या यह तथ्य है कि मार्च, 2025 में जारी अधिसूचना के माध्यम से सरकार द्वारा जिला सिरसा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 (एन.एच-9) के दोनों ओर सभी निर्माण गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कुल हिस्सा/खण्ड (किलोमीटर में) का क्षेत्र कितना है जिस पर उपरोक्त प्रतिबंध लागू किया गया है तथा इसके परिणामस्वरूप प्रभावित हुए आवासीय मकानों तथा व्यवसायिक भवनों की लगभग संख्या कितनी है;

(ग) क्या एन.एच-9 के साथ चल रहे या अधूरे कार्यों (निर्माण गतिविधियों) को निर्धारित शुल्क लेकर नियमित करने के लिए, एन.ए.सी/प्रतिबंधित क्षेत्र को बढ़ाने के समय सरकार दिल्ली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए जारी 2009 विशेष अधिसूचना की तर्ज पर, एक नई अधिसूचना जारी करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो प्रस्तावित समय-सीमा का ब्यौरा क्या है तथा आवेदन की प्रक्रिया (जैसे कि फॉर्म एस.आर.-IV) क्या है तथा इसके लिए कितना शुल्क निर्धारित किए जाने की संभावना है; तथा

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

----

**खेत खलिहान योजना का ब्यौरा**

137 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली)**ः

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) 'खेत खलिहान योजना' के अंतर्गत एक विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में कुल कितनी लंबाई (किलोमीटर) तक के रास्तों का निर्माण किया जा सकता है;

(ख) क्या वर्तमान में सरकार द्वारा उपरोक्त परियोजना को पूरे राज्य में सुचारू रूप से तथा प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है;

(ग) उपरोक्त योजना के कार्यान्वयन एवं पात्रता को संचालित करने वाले नियमों तथा दिशानिर्देशों का पूरा ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या जनता की मांग या स्थानीय विधायक की विशेष सिफारिश पर एक विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में रास्तों के निर्माण की अधिकतम सीमा बढाई जा सकती है; यदि हां, तो यह कितनी बढाई जा सकती है?

----

**साइबर अपराध के दर्ज मामलों का ब्यौरा**

138 **श्री शीशपाल केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः—

(क) राज्य में वर्ष 2023-24, 2024-25 तथा 2025-26 (31 जनवरी, 2026 तक) के दौरान दर्ज कुल साइबर अपराध मामलों का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उपरोक्त मामलों (डिजिटल अरेस्ट, हैकिंग इत्यादि) में कुल कितनी वित्तीय हानि हुई है तथा उसमें 58 से कितनी राशि बरामद हुई है तथा वास्तविक मालिकों को वापस की गई है?

----